>

Title: Regarding compensation to farmers relating to setting up of Air Force Ground Range in Churu Parliamentary Constituency, Rajasthan - Laid.

**श्री राहुल कस्वां (चुरू):** मेरे संसदीय क्षेत्र के नोहर स्थित मोटेर, घ्राधुसर और बन्नासर सहित 5 गांवों में वायु सेना ग्राउण्ड रेंज बनाने हेतु भूमि अधिग्रहित किए जाने के संबंध में मैंने कई बार निवेदन किया है। यहां के गरीब, किसान काफी लम्बे समय से चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन सरकार द्वारा भूमि अवाप्त किए जाने हेतु कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। ठुकराना, वायु सेना स्टेशन, सूरतगढ़, राजस्थान में एयर से ग्राउण्ड रेंज हेतु लगभग 11990 हेक्टेयर माप की भूमि का अधिग्रहण किए जाने का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय में विचाराधीन है।

अतएव मेरा सरकार से अनुरोध है कि नोहर स्थित मोटेर, घ्राधुसर और बन्नासर सहित 5 गांवों में वायु सेना ग्राउण्ड रेंज की भूमि अवाप्त कर यहां के किसानों को मुआवजा प्रदान करने की आवश्यक कार्यवाही शीघ्रातिशीघ्र करने का कष्ट करें।